स्पेस ट्यूरिज्म |पहला यात्री, इतिहास की जानकारी pdf

जरा सोचिये कि आप अंतरिक्ष यान में बैठे हुए हैं, इंजन शुरू होने की आवाज आपके कानों में गूंज रही है। एक पल में ही आप पृथ्वी के वायुमंडल से परे चले जाते हैं और एक ऐसी दुनियां को पीछे छोड़ देते हैं जिसे आप जानते हैं। जब आप आसमान की तरफ देखते है तो आपके सामने सामने सिर्फ अंतहीन काले रंग का कैनवास नजर आता है पृथ्वी नीले व हरे रंग के रत्न की तरह चमकती हुई नजर आती है तब आपको भारहीनता का अहसास होने लगता है, आप यान में तैर रहे हैं।
ऐसा अनुभव उन अंतरिक्ष यात्रियों को होता था जो स्पेस की यात्रा कर चुके है लेकिन स्पेस ट्यूरिज्म से अब यह आम नागरिकों के लिए हकीकत बन रहा है। स्पेस ट्यूरिज्म एक कमर्शियल स्पेस ट्रैवल है। इसमें लोगों को स्पेस में ट्रैवल कराया जाता है।

स्पेस ट्यूरिज्म की शुरुआत जब हुयी थी और किसने की थी?
इसकी शुरुआत 2001 में हुई थी जिस दौरान आंत्रप्रेन्योर डेनिस टीटो ने स्पेस में ट्रैवल करने के लिए बहूत भारी रकम दी थी और यह दुनिया के पहले स्पेस ट्यूरिस्ट बने। तब से अब तक कई बदलाव हो हैं। 2021 में अरबपति रिचर्ड ब्रेनसन भी स्पेस ट्रेवल लड़ चुके है

स्पेस ट्यूरिज्म कितने तरह का होता है?
यह कई तरह का होता है सबसे पहले सबऑर्बिटल फ्लाइट छोटी ट्रिप होती है, जिसमे 100 किमी की हाइट पर ही जाते हैं ताकि ट्रेवलर वेटलेसनेस का अनुभव कर सकें, इसमें ऑर्बिटल मिशन लंक ट्रिप होती है जिसके द्वारा पृथ्वी की पूरी परिक्रमा की जाती है और लूनर ट्यूरिज्म में चंद्रमा के पास ले जाया जाता है तथा जीर ग्रेविटी एक्सपीरियंस में छोटी अवधि के लिए जीरो ग्रेविटी का अनुभव कराया जाता है।
वर्तमान में स्पेस ट्यूरिज्म सिर्फ मिलियनेयर्स व बिलियनेयर्स के लिए ही है।क्यों कि इसकी यात्रा करने के लिए एक टिकट की कीमत 2 करोड़ से 8करोड़ रूपये है हालांकि टेक्नोलॉजी में एडवांस्मेंट्स हो रहे हैं, ऐसे में ब्लू ओरिजन और स्पेसएक्स जैसी कंपनियां ऐसे रॉकेट्स (रीयूज़ेबल रॉकेट्स) बना रही हैं जो बार-बार इस्तेमाल किए जा सकते हैं। जिससे स्पेस ट्यूरिज्म की कीमत कम की जा सके

स्पेस में जाने के लिए एक टिकट की कीमत कम से
स्पेस में जाने के एक टिकट की कीमत 2 करोड़ से 8 करोड़ के बीच है जिसमे दुनिया की अलग अलग कांपनियों के स्पेस जाते है.अभी तक वर्तमान 2025 में 4 हजार लोग वोटिंग लिस्ट में है

मुख्य कंपनियां

• वर्जिन गेलेक्टिक - इसका पूरा नाम वर्जिन गलेटिक्स होल्डिंगस है यह एक ब्रिटिश अमेरिकी कंपनी है जिसकी स्थापना वर्ष 2004 में रिचर्ड ब्रेनसन और वर्जिन समूह द्वारा की गयी थी इसका मुख्यालय टस्टिन कैलोफोर्निया में है, यह सबऑर्बिटल स्पेसफ्लाइट पर ध्यान देती है तथा इस कंपनी में 4 हजार लोगों की वेटिंग लिस्ट है। एक टिकट की कीमत लगभग 6.8 करोड़ रुपए है।
Visit -https://www.virgingalactic.com/

• स्पेसएक्स -इसका पूरा नाम स्पेस एक्सप्लेरेशन टेक्नोलॉजीज कापोरेशन है, यह एक प्राइवेट(निजी)अंतरिक्ष परिवहन सेवा कम्पनी है, इसकी स्थापना 6 मई 2002 हुयी तथा मुख्यालय हैथार्न केलिफोर्निया में है इसका फोकस लूनर ट्यूरिज्म पर है। इस फ्लाइट की कीमत 8 करोड़ रुपए से भी अधिक है।

Visit -https://www.spacex.com

• ब्लू ओरिजन- इसका पूरा नाम ब्लू ओरिजिन इंटरप्राइजेज एल.पी. एक अमेरिकी अंतरिक्ष कम्पनी है इसका फोकस सबऑर्बिटल स्पेस ट्यूरिज्म पर है। इनका प्लान एक ही बार में 6 ट्रैवलर्स को ले जाना है। एक फ्लाइट की कीमत 2 से 8 करोड़ रुपए है।
Visit- https://www.blueorigin.com/

• ओरायन स्पेस- इसका फोकस

स्पेस होटल बनाने का है जिसे पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा। अंतरिक्ष होटल के लिए रिजर्वेशन भी किया जा चुका है जिसकी कीमत 75 करोड़ रुपए है।
Visit -https://orionspace.com.np/

• एक्जिम
यह दुनिया का पहला कमर्शियल स्पेस स्टेशन है एक्जिम मिशन-4 के तहत भारतीय एस्ट्रोनॉट्स को इंटरनेशनल स्पस स्टेशन भेजा जाएगा।